प्रादेशिक समाचार

06.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक कल, नरेंद्र मोदी को चुना जाएगा नेता, प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून को।
2. इंडी गठबंधन ने फिलहाल विपक्ष में बैठने का लिया निर्णय, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा—सही समय पर लेंगे फैसला।
3. लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद राज्य में झामुमो और भाजपा के बीच बढ़ी तल्खी, कल्पना सोरेन का आरोप—झारखंड को मणिपुर बनाना चाहती है भाजपा, बाबूलाल मरांडी ने किया पलटवार।
4. पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने राज्यभर के एसपी, डीआईजी और आईजी के साथ की समीक्षा बैठक, नशा के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के दिये निर्देश।
5. मौसम विभाग के अनुसार पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत राज्य के नौ जिलों में हीट वेव का अलर्ट, रांची में आज बारिश की संभावना, प्रदेश में पंद्रह से इक्कीस जून के बीच पहुंचेगा मॉनसून।

***************

लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद एनडीए ने सरकार बनाने की मुहिम तेज कर दी है। कल दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जायेगा। प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून को होने की संभावना है। इधर, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत कई अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार गठन को लेकर कई मसलों पर चर्चा हुई।

***************

इंडी गठबंधन ने विपक्ष में बैठने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम उचित अवसर की तलाश में हैं। उन्होंने कहा कि जनादेश नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। यह मोदी के लिए भारी राजनैतिक क्षति और नैतिक हार है।

***************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बैठक कर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रपति भवन में कवरेज के लिए सेट—अप की समीक्षा की। इसमें सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

***************

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भाजपा के खिलाफ हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आरोप लगाया है कि भाजपा राज्य को मणिपुर बनाना चाहती है। उन्होंने झारखंडवासियों से हेमंत सोरेन के पक्ष में मजबूती से खड़ा होने का आह्वान किया है। श्रीमती सोरेन का यह भी आरोप है कि जेल में हेमंत सोरेन को यातनाएं दी जा रही हैं।

***************

इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेलों में कैदियों की बदतर और चिंताजनक स्थिति सम्बन्धी बयान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पलटवार किया है। श्री मरांडी ने आज सोशल मीडिया एक्स पर बयान साझा करते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन को जेल में कथित यातनाएं दी जा रही हैं तो न्यायालय से अनुरोध कर वे अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवायें।

***************

रांची स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आज पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह और प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी भी मौजूद थे।

***************

लोकसभा चुनाव में हार के बाद रांची से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय से आज कहा कि उन्हें जनादेश स्वीकार है। रांची स्थित पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने जनता के प्रति आभार जताया रांची से निर्वाचित सांसद संजय सेठ को बधाई दी। यशस्विनी सहाय ने कहा कि जनता ने श्री सेठ को दोबारा मौका दिया है और उम्मीद है कि वे जनता की आवाज बनेंगे।

***************

गिरिडीह संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी जय राम महतो चुनाव भले ही नहीं जीत सके लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबको चौंकाया है।

***************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आज  वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जिलों के एसपी, एसएसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने निर्देश देते हुए कहा है कि जिस जिले में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ की बरामदगी होगी, उस स्थान पर रेंज के डीआईजी पर कार्रवाई होगी। डीजीपी ने चतरा और खूंटी जिले में हो रहे नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर नाराजगी जतायी। साथ ही दोनों जिले के एसपी को इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

***************

दुमका के विश्व प्रसिद्व राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गयी हैं। इसे लेकर दुमका के उपायुक्त ए दोड्डे की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सावन महीने में विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव बासुकीनाथ धाम में होना है। इस अवसर पर देश– विदेश से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बासुकीनाथ पहुंचते है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया।

***************

गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड के चरघरा के मुखिया महावीर दास को आज एसीबी की टीम ने आठ हजार रुपये  रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। धनबाद एसीबी के पुलिस अधीक्षक सहदेव प्रसाद ने बताया कि एक महिला को अबुआ आवास के निर्माण के लिए 30 हजार रुपए अग्रिम राशि मिली थी। मुखिया महावीर दास जियो टैग के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत एसीबी से की गयी थी। एसीबी की टीम मुखिया को गिरफ्तार कर धनबाद ले गयी है।

***************

सरायकेला–खरसावां जिले में जिला परिषद की आज हुई बैठक में दो करोड़ रुपये की लागत से कई नयी योजनाओं का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि से इ योजनाओं को पूरा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन योजनाओं की निविदा निकाली जायेगी। बैठक में उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सचिव सह डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

***************

सरायकेला–खरसावां जिले में जिला परिषद की आज हुई बैठक में दो करोड़ रुपये की लागत से कई नयी योजनाओं का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि से इन योजनाओं को पूरा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन योजनाओं की निविदा निकाली जायेगी। बैठक में उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सचिव सह डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

***************

रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र में 45 साल की एक महिला की लाश आज ओखरगड़ा जंगल से बरामद की गई। महिला के पुत्र ने आशंका व्यक्त कह है कि दुष्कर्म के बाद उनकी हत्या की गई है। महिला बुधवार से लापता थी। शव की शिनाख्त एक दिन पहले से लापता महिला के रूप में की गई है। पुलिस ने उनके पुत्र के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। एक अन्य घटना में, पलामू जिले के रामगढ़ की 13 साल की आदिवासी बालिका से बिहार के सासाराम में दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। उसे ट्रैफिकिंग कर बिहार ले जाया गया था। आज सासाराम पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में लड़की की दफनाई गई लाश कब्र से निकाली।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत नौ जिलों में हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक राज्य वासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि कोडरमा, लोहरदगा, चतरा, रांची, हजारीबाग और कोल्हान क्षेत्र में भी लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मॉनसून का प्रवेश पंद्रह से इक्कीस जून के बीच हो सकता है।

********समाप्त********